नईदुनिया

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का पोस्टर जारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार प्रसार और नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ने के उद्देश्य से विश्व रंग फाउंडेशन भारत एवं रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 सितम्बर से 30 सितम्बर तक भारत सहित विश्व के सत्तर से अधिक देशों में संपन्न होगा।

इस आयोजन का पोस्टर भोपाल स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के वनमाली सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लोकार्पित किया गया। इससे पूर्व यह पोस्टर विश्वविद्यालय परिसर सहित आईसेक्ट समूह के सौ से अधिक केंद्रों पर भी जारी किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविद, वैज्ञानिक और संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन

समिति के अनुसार इस वर्ष लगभग दस लाख विद्यार्थियों की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विश्व रंग फाउंडेशन के निदेशक संतोष चौबे ने बताया कि यह आयोजन हिंदी भाषा बोलने, लिखने और समझने वाले लोगों को वैश्विक स्तर पर एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसमें भारत में कक्षा एक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक तथा विदेशों में छह स्तरों पर विद्यार्थियों को अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक और शैक्षणिक अभियान बनकर उभर रहा है। इस ओलंपियाड में विजेताओं को एक करोड़ रुपये तक के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की एक हजार से अधिक इकाइयां सहयोगी संस्थान के रूप में शामिल हैं। आयोजन समिति ने इसे हिंदी भाषा के वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

पोस्टर के लोकार्पण कार्यक्रम में विश्व रंग के निदेशक व रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रतिकुलपति, डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलसचिव, डॉ. संगीता जौहरी, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट, एजीयू की निदेशक समन्वय डॉ. पुष्पा असिवाल, विश्व रंग सीईओ विकास अवस्थी, सचिव संजय सिंह राठौर, डॉ. गायत्री राजपूत, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. अनिल तिवारी, राजेश पंडा, राजेश शुक्ला, कुणाल सिंह, कमलेश शर्मा, रामदीन प्रजापति, प्रशांत सोनी, दिनेश लोहनी शिशिर सराठे आदि उपस्थित रहे।

राहवीर योजना से जुड़े 4 लाख कैप्टनों ने बनाया गिनीज रिकॉर्ड

नई दिल्ली। सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से रैपिडो ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत देशभर में 'राहवीर योजना' के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी, जो सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर में तत्काल मदद पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित करती है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में हुई घोषणा के दौरान 4 लाख से अधिक रैपिडो कैप्टनों ने एक साथ 'राहवीर प्रतिज्ञा' लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रैपिडो अपने 400 से अधिक शहरों में फैले नेटवर्क, डिजिटल प्लेटफॉर्म, इन-ऐप शिक्षा, सोशल मीडिया और

जमीनी अभियानों के माध्यम से सड़क सुरक्षा और दुर्घटना पीड़ितों की सहायता का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाएगा।

जंतर-मंतर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन

मांगें पूरी नहीं हुईं तो अक्टूबर में होगा देशव्यापी आंदोलन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर शनिवार को जंतर-मंतर पर विशाल जंगी प्रदर्शन एवं आम सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में देश के लगभग 24 राज्यों से आए पदाधिकारियों एवं हजारों कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। सभा को महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. गणेशन, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामराज दुबे, महासंघ के संयोजक दर्शन सिंह लगाना तथा राष्ट्रीय मुख्य महामंत्री महेंद्र शर्मा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की अपील की।

सभा में डी ग्रुप के लगभग 1.40 करोड़ रिक्त पदों पर तत्काल सीधी भर्ती, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर अस्थायी कर्मचारियों का नियमितीकरण, आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 200 दिनों के भीतर लागू करने तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एमटीएस घोषित कर न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये निर्धारित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. गणेशन ने कहा कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं मुख्य महामंत्री महेंद्र शर्मा ने घोषणा की कि मांगों के निराकरण नहीं होने पर अक्टूबर 2026 में दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के कर्मचारी पुनः विशाल आंदोलन करेंगे।

बाजार में हल्के जेवर की मांग बढ़ी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शादी सीजन शुरू होने से पहले सराफा बाजार में सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही बाजार में मांग के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि आवश्यकता होने पर सोना खरीदना ही पड़ेगा, लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण खरीदारी में पहले जैसी तेजी नहीं दिख रही है। सराफा व्यापारियों के अनुसार बाजार में कारोबार मंदा चल रहा है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पचास प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। व्यापारियों ने बताया कि अब ग्राहक अधिक कैरेट वाले सोने की बजाय हल्के और कम कैरेट वाले जेवरों की ओर रुख कर रहे हैं। पहले जहां अठारह कैरेट के आभूषणों की मांग अधिक रहती थी, वहीं अब नौ कैरेट के जेवरों की बिक्री में इजाफा हुआ है।

व्यापारियों का कहना है कि शादी सीजन के बावजूद बाजार में अपेक्षित उत्साह नहीं है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, देवांश चौहान, पिता संतराम चौहान, निवासी, टैगोर वार्ड बैतूल गंज, जिला बैतूल, (म.प्र.) 460001, यह सूचित करता हूँ कि मेरे सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के अभिलेखों में मेरे पिता का नाम गलती से संतराम अंकित हो गया है, जबकि उनका सही नाम संतराम चौहान है। इसी प्रकार मेरी माता का नाम गलती से सुन्दरी अंकित हो गया है, जबकि उनका सही नाम सुन्दरी चौहान है। संतराम और संतराम चौहान एक ही व्यक्ति के नाम हैं। तथा सुन्दरी और सुन्दरी चौहान भी एक ही व्यक्ति के नाम हैं। अतः मेरे माता पिता दोनों को उनके सही नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

550

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रोहित सूर्यवंशी पुत्र श्री सूरज सूर्यवंशी आयु 33 वर्ष निवासी- 171 इंद्रा कॉलोनी, संतोषी माता मंदिर के पास बैरागढ़ भोपाल का सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम रोहित रायकवार पुत्र श्री सूरज रायकवार दर्ज हो गया है, मेरा सही नाम रोहित सूर्यवंशी पुत्र सूरज सूर्यवंशी है एवं भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना जावे एवं मेरे दस्तावेजों में यही नाम लिखा पढ़ा जावे।

546

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
बारहवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल
एमजेसी एसयूसी/69/2026
डॉ. ज्योत्सना पारे बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE: 16.07.2026

नोटिस प्रकाशन हेतु-
वसीयत के प्रमाणीकरण हेतु

प्रेषिती-प्रोबेट प्रमाण पत्र हेतु।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. ज्योत्सना पारे पता मकान नंबर-107 बी, ए-सेक्टर, मानसरोवर कॉलोनी, शाहपुरा, जिला भोपाल म.प्र. ने मृतका श्रीमती रूप कमल पारे पत्नी एस.सी. पारे नि. 107 बी, ए-सेक्टर, मानसरोवर कॉलोनी शाहपुरा भोपाल, की वसीयत अंतर्गत सम्पत्ति के संबंध में प्रोबेट प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु राशि/संपत्ति हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16.07.2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16-07-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 07-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

जयंत शर्मा, न्यायाधीश
बारहवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल म.प्र.

547

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
एमजेसी एसयूसी/89/2026
सुश्री समीना बानो
बनाम
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
NEXT DATE 13.07.2026

प्रेषितिः-(1) सर्वसाधारण (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुश्री समीना बानो पता मकान नंबर 35, लक्ष्मी टॉकीज, मेन रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश ने मृतक सुश्री सलीमा बानो की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13.07.2026 को नियत है यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13.07.2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

न्यायाधीश-श्रीमती मेधा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड भोपाल (म.प्र.)

548

जाहिर सूचना

एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक-79, जो कि खसरा क्रमांक 18/1/2/1 का अंश भाग होकर कृष्ण करीम नगर अर्थात के. के. नगर कालोनी, सर्वधर्म गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट, स्थित ग्राम-दामखेडा तहसील-कोलार जिला-भोपाल

मैं अपने पक्षकार की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री नरेश कुमार अहेल्या आत्मज श्री चम्पालाल अहेल्या आयु वयस्क निवासी भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व का एक किता आवासीय प्लाट क्रमांक-79, जो कि खसरा कमांक 18/1/2/1 का अंश भाग होकर कृष्ण करीम नगर अर्थात के. के. नगर कालोनी, सर्वधर्म गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 1250 वर्गफीट, स्थित ग्राम-दामखेडा तहसील-कोलार जिला-भोपाल में स्थित है उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय अनुबंध किया जा रहा है।

अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी पक्ष, संस्था वित्तीय अथवा गैर वित्तीय, बैंक, शासकीय, गैर शासकीय आदि का किसी प्रकार का हित निहित हो तो संबंधित पक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय में इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय किया जा रहा है और समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होंगी।

के. के. काला (अधिवक्ता)
Office: UGF, Sarnath Complex
Zone-1, M.P.Nagar Bhopal (M.P.)
Mobile: 9993411804

549

सूडोकु नवताल- 7805

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7804 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7478



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7477 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8875



बाएँ से दाएँ

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा (सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

ऊपर से नीचे

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

शब्द पहेली -8874 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7317



ऊपर से नीचेः-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7316

बै	र	ग		स	ड़	क		आ	
जू		ज	ल्ला	द		स	सु	र	ल
बा	द	ल		मा	लि	क		ध	
व			बा		बा		बे	ना	म
र	जा	बा	बू		स	रि	ता		हा
	ल	व		बे			ब	से	र
इ		चीं		खु	द्दा	र			जा
क	र्ज		शा	दी		ख	ली	फा	
बा		गै	र		दा	वा			द
ल	ज्जा		दा	ग		ला	वा	रि	स

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7411

3		4	6	7		
2	33		36		27	
	6	5		3	2	1
4	30		27		31	6
	2		4			7
6	36	6	32	4	34	
5		7			3	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7410 का हल

3	7	6	1	2	4	5
2	33	1	23	6	33	6
5	7	2	4	1	6	3
4	28	4	27	4	36	4
1	2	3	4	5	6	7
6	37	7	38	7	33	2
7	6	5	4	3	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8431

बं	म	मा	है	लो	ब्र	द	र	ह	क	ल
हा	वी	सू	ह	गु	ल	जी	स	ल	क	क
हे	वी	औ	द	अं	ला	त	र	म	ल	भी
रा	र	दा	र	ल	क	म	ओ	र	सु	अ
म	स	न	ष	ब	म	मी	छ	बा	न	ल
प	मी	त्या	स	जि	ब	क	प	बू	स	वि
के	ह	बु	की	टी	म	ली	टे	ल	र	दा
न	पू	कु	छ	कु	छ	हो	ता	है	प	ना
प	हे	ली	सू	ह	प	ने	ने	ल	जी	क
म	व	म	ब	फा	दी	र	ह	री	क	ह
म	ह	न	ह	म	तु	म	न	ज	ल	ना

शब्दजाल में रानी मुखर्जी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

कभी अलविदा ना कहना, बाबूल, पहेली, हमतुम, सत्या, हे राम, हैलो ब्रदर, गुलाम, बंटी और बबली, कुछ कुछ होता है

शब्दजाल - 8430 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore